sections. That is number one. Secondly, what is the mode of recovery of the money from the occupants by HUDCO?

SHRIMATI MOHSINA KIDWAI: Sir, we are not going to construct houses for the weaker sections. That is another scheme of HUDCO and they are financing that—for weaker sections as well as LIG. This is only for low cost building materials centres that we are going to set up.

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : सभापति महोदय, आपने जो मुझे समय दिया इसके लिये धन्यवाद। मंत्री महोदया ने इस प्रश्न के संबंध में कहा है कि राज्यों को लिखा गया है और कुछ राज्यों ने अपना जवाब भेज भी दिया है। मैं मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि वे कौन-कौन से राज्य हैं जिन्होंने अपने राज्य के जिलों में इनको बनाने की सूचना दी है? दूसरा यह कि यह स्कीम तैयार होने के बाद देश के सिर्फ एक राज्य केरल में इसकी शुरूआत हुई है। बाकी किसी भी राज्य में इसकी शुरूआत नहीं हुई है। हमारा इतना बड़ा देश है और मैं समझता हूं कि इस रफ्तार से इसमें कई साल लग जायेंगे। क्योंकि मंत्री महोदया ने बताया कि अभी तक केवल केरल में शुरू हुआ है और किसी भी राज्य में इस पर अमल नहीं हुआ है तो मैं जानना चाहता हूं कि वे कौन-कौन से राज्य हैं जिन्होंने जवाब दिया है और किन-किन राज्यों से जवाब आना है?

श्रीमती मोहसिना किदवई : जहां तक राज्यों का सवाल है, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, वेस्ट बंगाल, हरियाणा, उड़ीसा और यूनियन टैरीटरीज, इन्होंने कहा है कि हम सेट-अप करना चाहते हैं। लेकिन अभी उन्होंने जिलों के बारे में लिखकर नहीं दिया है कि वे किस जिले या ब्लाक में करना चाहते हैं। जहां तक बिल्डिंग मैटीरियल का सवाल है मैं एक बात साफ करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान वह जगह है, आपको याद होगा कि जब यहां यूरिया खाद और पोटाश खाद आई तो वह लोगों को मुफ्त देते थे, किसानों को मुफ्त देते थे लेकिन तब भी किसान उसको अपने खेतों में नहीं डालते थे कि जमीन बंजर हो जायेगी। इसमें रुजहू करने का सवाल है कि लो टक्नोलाजी की तरफ..

श्री सभापति : आप भी रुजूह करने की कोशिश कर रहीं हैं।

श्रीमती मोहसिना किदवई : यह स्टेट गवर्नमेंट की जिम्मेदारी है वह जैसा कहेंगे हम करेंग।

श्री सभापति : हो गया आपका जवाब।

*252. (Transfarred to the 18th August, 1988)

Promotion of Indian Cultural Heritage on Doordarshan

*253. SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Doordarshan proposes to prepare programme to promote Indian cultural heritage;

(b) whether there is any proposal to prepare programmes in collaboration with various Zonal Cultural Centres; and

(c) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI S. KRISHNA KUMAR): (a) Yes, Sir. Doordarshan is already doing so.

(b) and (c) No, Sir. However, programme prepared by Zonal Cultural Centres and the coverages made by Doordarshan of their festivals are telecast from Doordarshan.

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.